Tirupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 5 April 2020
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-11 Issue - 44

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

**News of the Week** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने कहा कि ईपीएफ दावों के लिए विशेष कोरोना वायरस निकासी योजना के तहत प्राथमिकता से काम किया जा रहा है। कोविड–19 के तहत ऑनलाइन दावों पर 72 घंटे में पैसे खाते में भेजे जा रहे है।

**Inside Ghaziabad**

**पेज नंबर 2**
यूपीः जमातियों की सूचना देने पर मिलेंगे 10 हजार रुपये...

**पेज नंबर 5**
आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों को किया जाएगा मुचलका...

**TIRUPATI EYE**

## हेल्प लाइन नंबर

विदेश से यात्र कर लौटने वाले व्यक्ति की सूचना दें
0120–4186453

मास्क और सैनिटाइजर कालाबाजारी की सूचना दें
0120–2829040

जरूरी सामान की दुकान बंद कराए या मीडियाकर्मी को रोके तो सूचना दें
9454403434

कोरोना वायरस के सैंपल लेने के लिए जिला एमएमजी अस्पताल स्थित कंट्रोल रूम का नंबर
07011477836

संयुक्त जिला अस्पताल में स्थापित कंट्रोल रूम
0120–2783098

### वाहन फिटनेस और अन्य दस्तावेजों की वैद्यता 30 जून तक बढ़ी

गाजियाबाद : संभागीय परिवहन विभाग ने वाहन फिटनेस, अस्थाई पंजीयन, लाइसेंस आवेदन की वैद्यता को 30 जून तक बढ़ा दिया है। एक फरवरी के बाद जिन दस्तावेज की वैद्यता खत्म हुई है उन्हें 30 जून तक मान्य किया गया है। कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते विभाग की ओर से आरटीओ कार्यालय में होने वाले सभी कार्यों पर रोक लगा दी थी। गत 22 मार्च के बाद से कार्यालय भी बंद हो गया। इस समस्या को देखते हुए शासन की ओर से फिटनेस प्रमाण पत्र, अस्थाई पंजीयन, परमिट, प्रदूषण प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस आवेदन और अन्य दस्तावेज जिनकी वैद्यता एक फरवरी के बाद समाप्त हो गई थी। उनको 30 जून तक बढ़ा दिया गया है। उक्त जानकारी देते हुए एआरटीओ प्रशासन विश्वजीत प्रताप सिंह ने दी।

# रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर व RHAM ने गरीबों को बांटी खाद्य सामग्री

## वसुंधरा सेक्टर–10ए, 11 व 12 में बनी झुग्गी झोपड़ी में किया वितरण

वसुंधरा : रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर व रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन ने बुधवार को वसुंधरा स्थित स्लम एरिया में जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री वितरित की। वहीं साहिबाबाद गांव के पार्षद हिमांशु चौधरी द्वारा गरीबों के लिए चलाई जा रही पार्षद रसोई में भी खाने पीने के 500 पैकेट क्लब द्वारा दिए गए। रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के चेयरमैन डा.धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि वसुंधरा सेक्टर–10ए, 11 व 12 में बनी झुग्गी–झोपड़ी में सैकड़ों परिवार रहते है। लॉकडाउन के चलते इनके सामने रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री के आह्वान पर ऐसे लोगों के सामने खाने–पीने की कोई कमी न हो इसको लेकर बुधवार को वसुंधरा स्थित झुग्गी–झोपड़ियों में जरूरतमंद लोगों को 100 किलो आलू, 100 किलो आटा, दाल व चने तथा 350 पैकेट फलों (केला व संतरा) के बांटे गए। इसमें साहिबाबाद गांव के पार्षद हिमांशु चौधरी, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की पूर्व अध्यक्ष मनीषा भार्गव, प्रतीक भार्गव, सेक्टर–10ए वसुंधरा निवासी अनिल वर्मा, पीटी नीरज, राकेश पवाह, राकेश वशिष्ठ, कपिल ढिंगरा, सेक्टर–12 वसुंधरा निवासी संजय व विक्रम के अलावा वसुंधरा चौकी इंचार्ज गोविंद सिंह व उनकी टीम का भी सहयोग रहा।



# गाजियाबाद के 13 हॉटस्पॉट 13 अप्रैल तक सील

गाजियाबाद : कोरोना के बढ़ते मरीजों को देखते हुए राज्य सरकार ने जिले में 13 हॉटस्पॉट (एपी सेंटर) चिह्नित किए हैं। बुधवार रात 12 बजे से इन इलाकों को पूरी तरह सील कर दिया गया। 13 अप्रैल तक इन इलाकों में सभी प्रकार की गतिविधियों पर रोक रहेगी। हॉटस्पॉट में शामिल किए गए इन 13 क्षेत्रों में कोरोना के पॉजिटिव केस पाए गए हैं। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने बताया कि सील किए गए हॉट स्पॉट क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की होम डिलीवरी के लिए 91 लोगों को पास जारी किए गए हैं। इनमें 29 राशन वितरक, 24 फल–सब्जी की ठेली वाले, 29 दूध की डेयरियां और 19 मेडिकल स्टोर शामिल हैं।

### इन हॉटस्पाट को किया गया सील

1–केडीपी ग्रैंड सवाना (राजनगर एक्सटेंशन), 2–गिरनार सोसायटी (कौशांबी), 3–मसूरी, 4–कोविड–19 अस्पताल मुरादनगर, 5–वैशाली सेक्टर–छह, 6–वसुंधरा सेक्टर–2 बी, 7–पसौंडा, 8–बी 77/जी–5 शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–2, 9–सेवियर पार्क सोसायटी मोहननगर, 10–दुहाई की खादू श्याम कॉलोनी, 11–नाईपुरा लोनी, 12–नंदग्राम मस्जिद के पास का इलाका, 13–ऑक्सी होम भोपुरा।

सील किए क्षेत्रों की ड्रोन से निगरानी : कोरोना के हॉटस्पॉट के रूप में सील किए गए जिले के 13 क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग जहां सर्वे करा रहा है तो वहीं पुलिस इन इलाकों की ड्रोन से निगरानी कर रही है। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि हॉटस्पॉट वाले हर थाने पर एक ड्रोन की व्यवस्था की गई है। इससे पूरे एरिया को चेक किया जा रहा है। इसमें अगर कोई हॉटस्पॉट समेत अन्य एरिया में घूमता मिला तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ड्रोन के अलावा बीट कॉन्स्टेबल भी एरिया पर नजर रख रहे हैं।

# In Ghaziabad, 1,304 held for disobedience

**GZB:** Between March 25 - when the lockdown started - and April 6, police have registered 312 FIRs and arrested 1,304 people under IPC Section 188 (disobedience to order duly promulgated by public servant). According to data, 30,206 vehicles were screened during this period, challans were issued against 8,681 and 429 vehicles were seized. So far, Rs 2,25,700 has been collected as penalty. The police and administration have also issued emergency passes for 3,881 vehicles, including trucks.

# पंजाब सरकार ने 5वीं और 8वीं की परीक्षाओं को किया रद्द

एजुकेशन डेस्क : पंजाब सरकार ने पिछले दो दिनों में काफी बड़े और महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। राज्य सरकार ने राज्य में लॉकडाउन को बढ़ाकर 1 मई तक कर दिया है। ऐसे में परीक्षाएं अभी भी स्थगित हैं। इसक अलावा पंजाब बोर्ड के स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां 11 अप्रैल से शुरू हो रही हैं और यह 10 मई तक चलेगी। पंजाब के शिक्षा मंत्री श्री विजय इंदर सिंगला ने कल राज्य मंत्रिमंडल को सूचित किया कि कोरोनो वायरस के चलते हुए लॉकडाउन के कारण शिक्षा क्षेत्र में कोई नुकसान न हो इसके लिए सरकार ने राज्य के सरकारी और निजी स्कूलों दोनों की गर्मियों की छुट्टी का फैसला किया है। राज्य के शिक्षा मंत्री ने कहा कि बाद में शुरू होने वाली गर्मी की छुट्टी अब 11 अप्रैल से शुरू होगी और 10 मई तक जारी रहेगी। बोर्ड ने अभी कक्षा 10वीं, 12वीं की परीक्षा के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य में लॉकडाउन लागू होने से पहले जो परीक्षाएं हुईं, उनके आधार पर कक्षा 5वीं और कक्षा 8वीं के छात्रों को अगली कक्षा में पदोन्नत करने का फैसला किया है। पंजाब बोर्ड ने लॉकडाउन शुरू होने से पहले कक्षा 5वीं की तीन परीक्षाएं आयोजित की थीं।



# बुलंदशहर के एक डॉक्टर की दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में कोरोना से मौत


बुलन्दशहर : शिकारपुर के डॉक्टर की कोरोना से दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में बीती देर शाम मौत हो गई है। इस सूचना से बुलंदशहर स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डॉक्टर के परिजनों का भी सैंपल ले लिया है। कोरोना से मौत की सूचना पर शिकारपुर स्वास्थ्य विभाग की टीम डॉक्टर के घर पहुंची, डॉक्टर के मोहल्ले को भी सील कर दिया गया है। 7 अप्रैल को तबीयत ज्यादा खराब होने पर डॉक्टर दंपती खुद बेटे के साथ दिल्ली गए थे। इस खबर की पुष्टि जिला प्रशासन ने की है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुख्यमंत्रियों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री को सुझाव दिया कि देश में लॉकडाउन को 30 अप्रैल तक बढ़ा देना चाहिए। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने शनिवार सुबह बताया कि दिल्ली में संक्रमितों की संख्या 903 हो गई है। 903 केस में से जो नए 183 मामले आए हैं उनमें से 29 पूरी दिल्ली से हैं बाकी निजामुद्दीन से निकाले गए लोग हैं। पीपीई किट अभी स्थानांनतरित की जा रही हैं, 13,500 पीपीई किट मिल रही हैं। स्कैनिंग के लिए हम हर जगह पर 50 टीमें, 100 टीमें, 150 टीमें बनाते हैं और एक–एक जगह को स्कैन करते हैं।

# यूपीः जमातियों की सूचना देने पर मिलेंगे 10 हजार रुपये, ये होगी शर्त

बुलंदशहरः उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में बिना मेडिकल जांच के रह रहे तब्लीगी जमात के लोगों के बारे में जानकारी देने पर 10 हजार के इनाम की घोषणा की गई है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा है कि कोई भी ऐसा शख्स जो तब्लीगी जमात से लौटा है और बिना मेडिकल परीक्षण कराए रह रहा है तो उसका पता बताने वाले को 10 हजार का इनाम दिया जाएगा।संतोष कुमार ने ये भी बताया कि कोरोना संक्रमित मरीजों का खुर्जा के जटिया राजकीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। यहां के जिलाधिकारी अरविंद कुमार ने जानकारी दी है कि बुलंदशहर में कुल 9 संक्रमित हैं जिसका कारण नोएडा की सीजफायर कंपनी और निजामुद्दीन मरकज है।

# मेरठ में जली कोठी हॉटस्पॉट को सील करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला, चार आरोपी गिरफ्तार

मेरठ : उत्तर प्रदेश के मेरठ में शनिवार को शहर के जली कोठी हॉटस्पॉट को सील करने पहुंची पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के साथ धक्का–मुक्की कर दी।। सूचना पर पुलिसफोर्स मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को पूरी तरह सील कर दिया है। मामले में पुलिस ने मस्जिद के इमाम समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस चारों को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार चारों आरोपियों पर रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी। डीएम अनिल ढींगरा एसएसपी अजय साहनी समेत भारी संख्या में पुलिसफोर्स मौके पर मौजूद हैं। धक्का–मुक्की के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट सुशांत जैन के हाथ में फ्रेक्चर हुआ है। उन्हें जिला अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। पुलिस प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग कोराना की चेन तोड़ने की हरसंभव कोशिश में जुटा है, वहीं कई इलाकों में लोग लॉकडाउन का उल्लंघन करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। मेरठ में शुक्रवार देर रात चार नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इनमें से तीन पॉजिटिव जमाती हैं जो जली कोठी स्थित दरी वाली मस्जिद में रुके थे। इसके बाद से ही प्रशासन ने इस क्षेत्र को हॉटस्पॉट मानते हुए सील करने की तैयारी कर ली थी। शनिवार सुबह पुलिस प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम जली कोठी को सील करने पहुंची। इसी दौरान कुछ लोगों ने टीम पर हमला कर दिया। बताया गया कि सीओ कोतवाली की मौजूदगी में भी धक्का–मुक्की हुई। मामले की जानकारी लगने के बाद चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जली कोठी को पूरी तरह सील कर दिया है।मामले की गंभीरता को देखते हुए काफी संख्या में पुलिसफोर्स के साथ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। पुलिसफोर्स के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया है। क्षेत्र में भ्रमण के बाद सभी लोगों को घरों से बाहर न निकलने की चेतावनी दी गई है, इलाका पूरी तरह सील कर दिया गया है।



# सुरक्षा बलों के 1.60 लाख जवानों की यूनिट में वापसी बनी बड़ी चुनौती, माथापच्ची में जुटे सीनियर अफसर

नई दिल्ली : कोरोना के चलते लागू हुए लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग की वजह से केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के करीब 1.60 लाख से अधिक जवानों और अफसरों की वापसी अब एक चुनौती बन गई है। कोरोना से बचाव के लिए सोशल डिस्टेंसिंग का सुरक्षा चक्र न टूटे, इसके मद्देनजर लॉकडाउन से पहले ही छुट्टी पर चल रहे जवानों को उनके मोबाइल फोन पर सूचित किया गया था कि वे जहां भी हैं, वहीं रहें। पहले उन्हें 15 अप्रैल तक ज्वाइनिंग नहीं करने के लिए कहा गया था, बाद में कई बलों ने यह तिथि आगे बढ़ा दी। बीएसएफ ने 21 अप्रैल तक जवानों की छुट्टियां बढ़ा दी हैं। तो सीआरपीएफ और दूसरे बलों ने भी छुट्टियां आगे बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए। अब यह कहा जा रहा है कि लॉकडाउन पीरियड आगे बढ़ सकता है। ऐसे में इन जवानों की वापसी में कोरोना वायरस बाधा बन गया है। इसके लिए कई बलों के कमांडर माथापच्ची में लगे हैं। बता दें कि सोशल डिस्टेंसिंग का नियम लागू होने से पहले या उसके दौरान विभिन्न बलों में अनेक जवान और अधिकारी छुट्टी गए हुए थे। अधिकांश जवान ऐसे थे, जिन्हें 22 मार्च के बाद ज्वाइन करना था, लेकिन इस बीच कोरोना का संक्रमण तेजी से फैल रहा था। ऐसे में जवानों का रोड ट्रांसपोर्ट या रेल यात्रा करना एक जोखिम भरा कदम हो सकता था। यही वजह रही कि छुट्टी पर गए सभी जवानों को यह संदेश भिजवा दिया गया कि वे 15 अप्रैल तक वहीं रहें। इसके बाद 25 मार्च से देश में लॉकडाउन लागू हो गया। केंद्रीय सुरक्षा बल के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि चूंकि अभी रोड ट्रांसपोर्ट और दूसरे संसाधन पूरी तरह बंद हैं, इसलिए जवानों को वापस कैसे बुलाएं। साथ ही अब ये संभावना बन रही है कि कोरोना के बढ़ते केसों की वजह से लॉकडाउन पीडियड आगे बढ़ाया जाएगा। ऐसे में जवानों की वापस कैसे संभव होगी, इस पर बल के प्रमुख कमांडर बैठक कर रहे हैं। देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ के डीजी डॉ. एपी महेश्वरी ने शनिवार को बल के स्पेशल डीजी और एडीजी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस मामले पर चर्चा की है।

## जवानों को चिंता सता रही है कि ये छुट्टियां कौन से खाते से कटेंगी...

दूसरे केंद्रीय बलों में भी ऐसे ही विकल्पों पर विचार हो रहा है। बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ, एसएसबी, एनएसजी और असम राइफल में भी निकटवर्ती किसी यूनिट में ज्वाइन कराने के विकल्प पर चर्चा शुरू हो गई है। सारे विकल्पों पर विचार करने के बाद जो अंतिम निर्णय हो, उसे 15 अप्रैल के बाद लागू कर दिया जाए। जवानों की एक चिंता यह भी है कि अब उनकी जो छुट्टियां बढ़ाई गई हैं, उन्हें किस खाते में जोड़ा जाएगा। यानी वे कैजुअल लीव में जुड़ेगी या कोई अन्य स्पेशल प्रावधान होगा। अगर कैजुअल में जुड़ती हैं तो अधिकांश छुट्टियां अभी खत्म हो जाएंगी। बता दें कि सभी बलों में उनकी कुल संख्या का करीब 20 फीसदी स्टाफ छुट्टी पर हैं। सीआरपीएफ में 60 हजार, बीएसएफ में 50 हजार, एसएसबी में 15 हजार, आईटीबीपी में भी 15 हजार से अधिक, सीआईएसएफ में 30 हजार और असम राइफल में लगभग 13 हजार जवान छुट्टी पर बताए गए हैं। एनएसजी में भी करीब 14 सौ जवान छुट्टी पर हो सकते हैं।

# रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने इंदिरापुरम में बांटे खाने के 550 पैकेट

इंदिरापुरम : रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने बृहस्पतिवार को इंदिरापुरम में बनी झुग्गी–झोपडियों में 550 लोगों को खाद्य सामग्री वितरित की। क्लब के चेयरमैन डा.धीरज भार्गव ने बताया कि लॉकडाउन के बाद झुग्गी–झोपड़ी में रहने वाले लोगों को खाने–पीने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनके घर में मौजूद राशन तक खत्म हो गये है। इसको देखते हुए बृहस्पतिवार को इंदिरापुरम में शमशान घाट के पास बनी झुग्गियों व बिल्डर साइटों पर रहने वाले मजदूरों को खाने के पैकेट वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि जब तक लॉकडाउन रहेगा किसी जरूरतमंद को भूखा नहीं सोने दिया जाएगा। इस दौरान नीरज वत्स, अनिल जैन, राकेश पवाहा, राजेश कुमार, अजीत शर्मा, राकेश वशिष्ठ, अनिल वर्मा, मनोज जैन, सुभाष नवानी, मधुसूदन शर्मा, सुभाष पांडेय, समीर आनंद आदि ने सहयोग किया।









## 3.61 लाख जरूरतमंद लोगो को प्रशासन बंटवा रहा है खाद्य सामग्री

गाजियाबाद : कोरोना के चलते जिले में लागू हुए लॉकडाउन के चलते प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री का वितरण किराया जा रहा है। प्रशासन अब तक 3.61 लाख कार्ड धारकों को राशन बंटवा रहा है। इसके साथ ही कम्युनिटी किचन के माध्यम से भी लोगों को खाने के पैकेट वितरित कराए जा रहे हैं। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने बताया कि जिले में कुल पात्र गृहस्थी 3,52,497, अन्त्योदय राशन कार्ड धारक 8500 व मनरेगा के तहत 157 कार्ड धारक हैं, जिनकी कुल संख्या–3,61,154 है। इन लोगों को खाद्यान बांटा जा रहा है। अब तक कुल 2,99,002 लोगों को कच्चा राशन वितरित किया जा चुका है। इन लोगों को 4515 क्विंटल अनाज वितरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 30 हजार ऐसे व्यक्तियों की सूची तैयार की गई है जिनके राशन कार्ड नहीं बने हैं। इनका सत्यापन कराया जा रहा है। सत्यापन के बाद सभी को खाद्यान का वितरण कराया जाएगा। डीएम ने बताया कि आपदा राहत के तहत जिले में एकीकृत खाद्य वितरण प्रणाली लागू की गई है। जिले को तहसीलवार व थानावार विभाजित करते हुए 14 सरकारी कम्युनिटी किचन व 51 समाजसेवी संस्थाओं द्वारा किचन संचालित की जा रही हैं। अब तक सरकारी किचन के माध यम से 146940 गरीब व्यक्तियों को पक्का भोजन का वितरण कराया गया है। इसी प्रकार गैरसरकारी किचनों के माध्यम से 293890 व्यक्तियों को भोजन वितरित कराया गया है।

## 31 लोगों की रिपोर्ट आई नेगेटिव

गाजियाबाद : जिले में बृहस्पतिवार को कोरोना का कोई भी नया पॉजिटिव केस नहीं मिला है। 31 लोगों की रिपोर्ट आई। सभी नेगेटिव आई हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने 11 लोगों के सैंपल लिए। जिले में अब तक 26 मरीज मिल चुके हैं, जबकि 62 की रिपोर्ट लंबित है। स्वास्थ्य विभाग ने रात में लोनी में विभिन्न क्षेत्रों से आए 40 जमातियों को निजी नर्सिंग होम में क्वॉरंटाइन कराया है। सीएमओ डॉ. एनके गुप्ता ने बताया कि जिले में अभी 609 लोगों का सैंपल लिया गया है। इनमें से 524 की रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। जिले में 785 लोग 28 दिन क्वॉरंटाइन की अवधि पूरी कर चुके हैं। वर्तमान में 1258 लोग होम क्वॉरंटाइन में हैं। वहीं 196 लोगों को अलग–अलग स्थानों पर बने केंद्रों पर क्वॉरंटाइन किया गया है। सीएमओ ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोई भी पॉजिटिव मरीज नहीं मिला है। इससे पहले दो दिन एक–एक मरीज मिला था।

## क्वॉरंटाइन किए गए लोगों की कॉउंसलिंग की

गाजियाबाद : डासना स्थित सुंदरदीप आयुर्वेदिक अस्पताल में बने सेंटर में क्वॉरंटाइन किए हुए लोगों की बृहस्पतिवार को कॉउंसलिंग की गई। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने चार समूहों में बांटकर लोगों को परामर्श दी गई। मनोचिकित्सक डॉ. साकेत नाथ तिवारी ने बताया कि सेंटर में 192 लोग हैं, जिनमें से 98 लोगों को चार समूह में बांटकर काउंसिलिंग की गई। टीम ने इनमें से आठ लोगों को चिह्नित किया, जिन्हें अलग से अतिरिक्त परामर्श दी गई। काउंसलिंग के दौरान बताया गया कि वे लोग खुद को किसी कैद में न समझें। बताया गया कि क्वॉरंटाइन में रहना किस तरह से उनके परिवार व नजदीकी लोगों के साथ खुद उनके लिए भी जरूरी है। टीम ने लोगों को बताया कि सेंटर में रहते हुए वे किस तरह के कार्यों में अपना समय व्यतीत कर सकते हैं। टीवी देखने के साथ संगीत सुनने, योग और मेडिटेशन के साथ भली भांति भोजन करने की सलाह दी गई।

## तथ्य छुपाकर राशन लेने पर होगी कार्रवाई

गाजियाबाद : यदि कोई तथ्य छुपाकर आपूर्ति विभाग से राशन लेने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राशन केवल राशन कार्ड धारकों व रोज कमाने और खाने वाले मजदूर को दिया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी अभिनव सिंह ने बताया कि एक रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी है।

## सफाई कर्मचारियों को आटा चावल वितरित किया

xkft ;kckn % लॉकडाउन के चलते अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा की ओर से सार्वजानिक पार्क, मॉडल टाउन ईस्ट में सफाई कर्मचारियों को आटा चावल वितरित किया। सभा के नगर अध्यक्ष अजय त्यागी ने बताया कि हम आटा, चावल, दाल, सरसों के तेल आदि नगर निगम में पहुंचाने के अलावा विवेकानंद नगर झुग्गी झोंपड़ी कॉलोनी और जय हिंद कॉलोनी, विजय नगर में खाद्यान सामग्री का वितरण किया। इसी क्रम में बुधवार को सफाई कर्मचारियों को आटा चावल वितरित किया। सभा के संरक्षक राजकुमार त्यागी कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने बताया की खाद्यान्न सामग्री के वितरण के साथ अनुशासन की प्रक्रिया भी जुडी हुई है।

## पुलिस ने गलत सूची जारी कर बढ़ा दी मजिस्ट्रेटों की मुसीबत

गाजियाबाद : पुलिस महकमे द्वारा गलत सूची सार्वजनिक किए जाने के कारण बृहस्पतिवार को हॉटस्पॉट इलाकों में तैनात मजिस्ट्रेटों की मुसीबत बढ़ गई। मजिस्ट्रेटों के पास अपने क्षेत्र के अलावा दूसरे हॉटस्पॉट क्षेत्रों से जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति के लिए लोगों के फोन आते रहे। पूरे दिन यह सिलसिला चलता रहा। कोई उनसे दूध पहुंचाने की गुजारिश करता रहा, तो किसी ने दाल–चावल की मांग की। मौके की नजाकत को देखते हुए मजिस्ट्रेटों ने सहानुभूतिपूर्वक उनकी समस्या का समाधान संबंधित तक सूचना पहुंचा कर कराया। प्रशासन द्वारा जारी सूची में वसुंधरा 2बी सेक्टर में जिस मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी। पुलिस ने अपनी सूची में उन्हीं मजिस्ट्रेट की ड्यूटी भोपुरा ऑक्सी होम्स में दर्ज करते हुए उसे पब्लिक के बीच जारी कर दिया। उसमें मजिस्ट्रेट का मोबाइल नंबर लिखा हुआ था, जिस कारण ऑक्सी होम्स के लोग उन्हें जरूरत की चीजें मंगवाने के लिए फोन करते रहे। ऐसे ही नंदग्राम में प्रशासन ने आवास विकास परिषद के अधिशासी अभियंता को बतौर मजिस्ट्रेट तैनात किया। पुलिस ने अपनी सूची में उनकी जगह जीडीए की के अधिशासी अभियंता का नाम लिख दिया था। ऐसे में दोनों को दिक्कत हुई। एसएसपी ने बताया कि गलत सूची जारी हो गई थी। उसे अपडेट करा दिया गया है। उसे सार्वजनिक किया जाएगा।

**EDITORIAL**

# Do no harm: on safety of health care workers

**'Primum** non nocere' is the primary, guiding principle of bioethics. Every health-care worker is oriented on the principle of 'First, do no harm' during their training. All medical training is based on this idea, but very little in what they learn prepares them for the reverse: When harm is inflicted upon them. Over the past week, chilling stories of assaults on health-care workers, on COVID-19 duty, have been reported. Visuals beamed in of angry locals who threw stones at doctors, health-care workers and civic officials who went to screen people in Indore, Madhya Pradesh. Two women doctors were injured. Earlier, there were reports of locals in Ranipura allegedly spitting at officials as they took up screening. Last week, doctors at Hyderabad's Gandhi Hospital were attacked after a patient with multiple co-morbidities died of COVID-19. Doctors there even sought police protection. ASHA workers were reportedly attacked in Bengaluru, Karnataka, when they went to collect data on COVID-19 symptoms. Locals grabbed their bags and cellphones, and the police finally had to rescue them. In Mumbai's Dharavi, police personnel who went to ensure that lockdown conditions were being followed — after a person tested positive in the locality — were assaulted by local youth. A case has been registered at Kayathar police station in Thoothukudi, Tamil Nadu, after 12 people allegedly assaulted a health inspector and his team when they went there to isolate the family of a patient who had attended the Nizamuddin conclave.

These attacks are a result of paranoia and are completely unmindful of the many risks health-care workers take on, merely doing their work in a pandemic situation such as this. In Wockhardt, doctors and workers have tested positive while treating patients. If these helpers are looked upon as the enemy, it only allows the true foe — the virus — to gather strength. WHO too has developed guidelines for addressing workplace violence in the health sector to support the development of violence prevention policies in non-emergency settings. Their applicability in this situation must be examined. Baskut Tuncak, UN Special Rapporteur on the implications for human rights of the environmentally sound management and disposal of hazardous substances and wastes, hailed health-care workers as heroes who must be protected. Stating that the tireless work and self-sacrifice of these workers show the best of humanity, he also went on to emphasise that unacceptable shortages in critical protective equipment that can stop them from being infected, continue to plague nearly all nations battling COVID-19. The responsibility of restoring order and ensuring the safety of all health workers, whether with personal protective equipment, or against attacks from the public ultimately rests with the government, and in equal measure, the people.

**-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

## लॉकडाउन के कारण नहीं दूर हो रही सीवर समस्या

गाजियाबाद : लॉकडाउन के चलते जीडीए सीवर जाम की समस्या दूर नहीं करा पा रहा है। कर्पूरीपुरम और गोविंदपुरम से ट्विटर पर शिकायतें आने पर जीडीए ने वहां के लोगों को बताया कि लॉकडाउन की वजह से समस्या दूर कराने में दिक्कत हो रही है। नगर निगम से सहयोग मांगा जा रहा है। उनसे समन्वय होने पर समस्या का निस्तारण कराया जाएगा। कर्पूरीपुरम और गोविंदपुरम के लोगों ने ट्वीट कर जीडीए को शिकायत की है कि उनके क्षेत्र में सीवर का पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे बदबू आ रही है। साथ ही संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है।

## लिंक भेजकर की 1.30 लाख की ठगी

गाजियाबाद : बाला जी एंक्लेव गोविंदपुरम में सायबर ठग ने लिंक भेजकर एक व्यक्ति के खाते से 1.30 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने कविनगर थाना में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अखिलेश सिंह ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि सात अप्रैल को उनके खाते से ठग ने सुबह 11.20 बजे 30300 रुपये व इसी खाते से लिंक क्रेडिट कार्ड से थोड़ी देर बाद 50077 रुपये निकाल लिए। दूसरी बार में ठग ने 50099 रुपये और निकाल लिए हैं। ठग ने पहले उन्हें फोन कर बताया था कि उकने ई–वॉलेट की केवाइसी की तिथि समाप्त हो चुकी है। फिर ठगी की।

## फर्जी पुलिस वालों ने मारपीट कर छीनी नकदी

गाजियाबाद : विजय नगर थाना क्षेत्र के बिश्छल गेट पास फर्जी पुलिस वालों ने एक अंडा विक्रेता के साथ मारपीट कर नकदी छीनने का मामला सामने आया है। आरोपितों ने खाकी वर्दी पहन रखी थी और लॉकडाउन का उल्लंघन करने का आरोप लगाकर मारीपट की। आरोपित निजी गाड़ी में बैठाकर अपने साथ ले जाने की कोशिश कर रहे थे। इस्लाम नगर निवासी अकरम अंडे बेचते हैं। अकरम ने बताया कि सोमवार को वह विजयनगर में डबल पानी की टंकी के पास अंडे देने गए थे। रिक्शा से लौटने के दौरान बिच्छल गेट अंदर कब्रिस्तान के पास खाकी वर्दी में खड़े पांच लोगों ने उन्हें रोका। उनकी वर्दी में कोई नाम प्लेट नहीं थी और उनके पास निजी गाड़ी थी। वह उनसे पूछताछ करने लगे और नाम बताने के बाद उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के दौरान उनके हाथ और पैर पर गंभीर चोट आई है आरोपित उन्हें काफी देर तक पीटते रहे। विरोध करने पर जेल भेजने की धमकी दी। इस घटना के बाद वह काफी डरे हुए हैं। पुलिस से मामले की शिकायत की गई है। एसएचओ नागेंद्र चौबे ने बताया कि पुलिसकर्मी की शामिल होने के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है। जहां घटना बताई जा रही है, उसके आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया है। जिसमें अभी तक कोई ठोक जानकारी नहीं मिली है। फर्जी पुलिस बनकर युवक से मारपीट वाले घटनास्थल को गंभीरता से देखा जा रहा है।

## पीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर केस दर्ज

गाजियाबाद : फेसबुक पर प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पर कविनगर पुलिस ने आइटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। आरोपित ने जाकिर हुसैन आलम के नाम से आइडी बना रखी है। राजनगर में रहने वाले एक वकील आकाश वशिष्ठ ने पुलिस में शिकायत पर केस दर्ज हुआ है। आकाश ने बताया कि आरोपित ने फेसबुक पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पर कई आपत्तिजनक फोटो डाले हैं। इन पोस्ट को देखकर उन्हें काफी दुख हुआ है। कविनगर थाना प्रभारी मोहम्मद असलम ने बताया कि पुलिस ने पहले ही मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

## साहिबाबाद में छत पर भीड़ जुटा पढ़ी नमाज, नौ के खिलाफ केस

गाजियाबाद : साहिबाबाद थाना क्षेत्र के शहीद नगर में छत पर भीड़ जमा कर नमाज पढने वालों की पहचान हो गई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से आरोपितों की पहचान कर पुलिस ने मकान मालिक सहित नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिखा कि शहीद नगर में एक मकान की छत पर भीड़ एकत्र कर नमाज पढ़ी गई है। पुलिस ने वीडियो की जांच की। जांच में आया कि वीडियो शहीद नगर निवासी चांद के मकान की छत की है। 31 मार्च को चांद ने फिरोज, शाहिल, मो. सरफराज, ताज मोहम्मद, असद, मो. उमर, नासिर व अब्दुल वाहिद के साथ छत पर नमाज पढ़ी थी। भीड़ एकत्र होने से लॉकडाउन का उल्लंघन हुआ। पुलिस ने चांद सहित इन सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## प्रशासन ने फॉरचून होटल को जारी किया नोटिस

गाजियाबाद : कोरोना वायरस के मद्देनजर चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ के ठहरने के लिए व्यवस्था नहीं किए जाने पर प्रशासन ने होटल फॉरचून इन को नोटिस जारी किया है। इन नोटिस में दो दिन के भीतर होटल खुलवाकर व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह नोटिस इंसीडेंट कमांडर एवं एसडीएम सदर प्रशांत तिवारी ने जारी किया है। कोरोना वायरस को आपदा घोषित किए जाने के बाद प्रशासन ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत लोगों के इलाज में लगे चिकित्सकों व अन्य स्टाफ के रहने के लिए होटलों का अधिग्रहण किया था। इसके तहत होटल फॉरचून को भी अधिग्रहित कर यहां के सभी मानव संसाधन, प्रबंधन, व्यवस्थापन, फर्नीचर, शौचालय, जनरेटर समेत अन्य व्यवस्थाओं को अधिग्रहित करने के आदेश दिए गए थे। लेकिन होटल प्रबंधन ने होटल में चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की रुकने की व्यवस्था नहीं की। इसके बाद एसडीएम सदर एवं इंसीडेंट कमांडर प्रशांत तिवारी ने होटल के जनरल मैनेजर व मालिक को नोटिस जारी किया है।

## नशीले पाउडर व चोरी की बाइक के साथ पकड़ा

गाजियाबाद : थाना विजयनगर पुलिस ने नशीले पाउडर व चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। एसएचओ नागेंद्र चौबे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित कैला भट्टा निवासी सलमान है, जिसके दो साथी भी पूर्व में नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में जेल जा चुके हैं। एसएचओ के मुताबिक सूचना के आधार पर प्रताप विहार क्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार आया। पड़ताल में बाइक पर नंबर भी फर्जी पाया गया।

## कार्ड क्लोन कर खाते से 50 हजार रुपये निकाले

गाजियाबाद : डेबिट कार्ड क्लोन कर खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने थाना विजयनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्रासिंग रिपब्लिक निवासी पीड़ित मिथिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि 27 मार्च की सुबह नौ बजे उनके फोन पर एक के बाद एक लगातार पांच मैसेज आए। हर मैसेज में उनके एचडीएफसी खाते से 10–10 हजार रुपये निकाले जाने की सूचना थी। पांचों ट्रांजेक्शन नोएडा के सेक्टर–49 स्थित एटीएम से की गई हैं।

## लिफ्ट मांगकर लूटपाट करने वाले दो लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गाजियाबाद : लिफ्ट मांगकर चालक को गुमराह कर लूटपाट करने वाले गिरोह के दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग है। नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपितों से कार और बाइक बरामद की है। नगर कोतवाल विष्णु कौशिक ने बताया कि आरोपित नाबालिग और दीपक कुमार है। गिरोह के दो बदमाश फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है।

## आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों को किया जाएगा मुचलका पाबंद, एक हजार से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट होंगे बंद

गाजियाबाद : सोशल मीडिया पर कोरोना को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों पर पुलिस शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। जनपद में कोरोना को लेकर धार्मिक और अफवाह फैलाने वाली एक हजार से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट चिह्नित किए हैं। आरोपितों को मुचलका पाबंद कर इनके अकाउंटों को बंद किया जाएगा। बुधवार को भी कर्फ्यू की सोशल मीडिया पर फर्जी सूचना फैलने पर दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। सोशल मीडिया पर फर्जी पोस्ट को खंगालने के लिए सायबर सेल और सोशल वॉलेंटियर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि पूर्व में अफवाह फैलाने में सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया जाता रहा है। वर्तमान में माहौल खराब करने में असामाजिक तत्व सोशल मीडिया पोस्ट का सहारा ले सकते हैं। ऐसे में लोगों पर नजर रखने के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया सेल को अलर्ट कर दिया है।अफवाह फैलाने वाली एक हजार से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट चिह्नित किए गए हैं। इसमें पहले उन लोगों के प्रोफाइल चेक किए जा रहे हैं, जो पूर्व में फर्जी पोस्ट के मामले में विवादित रह चुके हैं।

### डिजिटल वॉलेंटियर ऐसे करेंगे काम

एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया जनपद में लाखों लोग सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में पुलिस को इतनी बड़ी संख्या में लोगों पर नजर रखना मुश्किल होगा। पुलिस को जिले के हर व्यक्ति के सोशल मीडिया प्रोफाइल को चेक करने में लंबा समय लग जाएगा। पुलिस डिजिटल वॉलेंटियर इस काम में मदद लेगी। वॉलेंटियर अपने मोबाइल से भी नजर रखेंगे। आपत्तिजनक पोस्ट की जानकारी होने पर वॉलेंटियर तुरंत पुलिस को सूचना देंगे।

## लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई, बेवजह घूम रहे तीन गिरफ्तार, 45 वाहनों का चालान

लोनी : लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को लॉकडाउन का उल्लंघन कर सड़कों पर घूम रहे तीन लोगों को गिरफ्तार और 45 वाहनों के चालान किए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय ने बताया कि क्षेत्र में लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर मार्ग, लोनी गाजियाबाद मार्ग और दिल्ली पुश्ता मार्ग पर जगह–जगह बैरियर लगाकर पुलिस बल और यातायातकर्मियों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि कर्मयोगी, डॉक्टर, दवाई, दूध, किराना, फल और सब्जी की खरीदारी करने वालों को जाने दिया जा रहा है। सुबह की अपेक्षा शाम के समय घरों से ज्यादा लोग निकल रहे हैं, जिसके चलते तीनों थाना क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षकों को लाउड स्पीकर द्वारा लोगों को लॉकडाउन के प्रति सचेत करने और नियमों का पालन करवाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र में लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर 45 वाहनों के चालान किए गए हैं।

> दिल्ली सहारनपुर मार्ग, लोनी गाजियाबाद मार्ग और दिल्ली पुश्ता मार्ग पर जगह–जगह बैरियर लगाकर पुलिस बल और यातायातकर्मियों की तैनाती

## नीति खंड–तीन में किया गया सैनिटाइजेशन

इंदिरापुरम : नीति खंड–तीन सोसायटी में बृहस्पतिवार को सैनिटाइजेशन किया गया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष परविंदर यादव ने बताया है कि पार्क, गेट, राशन की दुकान, गार्ड रूम के पास लोगों की ज्यादा आवाजाही रहती है। इन स्थानों को खासकर सैनिटाइजेशन किया गया है। उन्होंने बताया है कि लॉकडाउन के कारण कॉलोनी में सिर्फ एक ही गेट से आवाजाही हो रही है। सभी लोगों का गेट पर हाथ धुलवाने और सैनिटाइज कराने का प्रबंध किया गया है। इसके अलावा मच्छरों का प्रकोप कम करने के लिए फॉगिंग कराई जा रही है। कॉलोनी से जुड़े मजूदरों, सुरक्षाकर्मियों व अन्य जरूरतमंद लोगों की मदद की जा रही है।

## जिला सील होने की अफवाह से डिपार्टमेंटल, मेडिकल स्टोर व पेट्रोल पंप पर उमड़ी भीड़



गाजियाबाद : कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को रोकने के लिए यूपी के 15 जनपदों को बुधवार रात 12 बजे से सील किया जाएगा। इसमें गाजियाबाद जनपद भी शामिल है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर चली खबर व सोशल मीडिया पर उड़ी अफवाह से लॉकडाउन का जमकर उल्लंघन हुआ। घरों से लोग अपने वाहनों से बाहर निकल पड़े और किरयाना दुकान, सब्जी मंडी व पेट्रोल पंप पर भारी भीड़ उमड़ी। कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए लॉकडाउन का व अधिकांश जगह पालन हो रहा था। शहर के अधिकांश इलाकों में लोग सुरक्षा की दृष्टि से घरों में ही मौजूद थे। बुधवार दोपहर बाद यूपी के 15 जनपदों को सील करने की ब्रेकिंग खबर चली, जिसमें गाजियाबाद भी शामिल था। इस खबर के चलने के साथ ही लॉकडाउन की पाबंदी भूल और कोरोना के खतरे को दरकिनार कर लोग अपने वाहनों से घरों से काफी संख्या में किरयाना दुकान से लेकर सब्जी मंडी, मेडिकल स्टोर व पेट्रोल पंप तक पहुंच गए। लोगों को यहां लॉकडाउन से लेकर शारीरिक दूरी तक का जमकर उल्लंघन हुआ। शुरुआती खबर में 30 अप्रैल तक गाजियाबाद सील होने की ब्रेकिंग से लोगों में अफरा–तफरी फैल गई। किरयाना की दुकान पर खाने–पीने का सामान, सब्जी व वाहनों में तेल भरवाने के लिए पेट्रोल पंप पर लाइन लगी थी। लोग दो से तीन सप्ताह का खाने के लिए ब्रेड, बटर, आटा, सब्जी, दाल, चीनी, तेल, रिफाइंड समेत जरूरत का सामान लेने के लिए सूची लिए हुए थे। इस दौरान लॉकडाउन का जमकर उल्लंघन हुआ। गाजियाबाद जनपद सील होने की अफवाह के बाद सब्जी मंडी में लोगों की भारी भीड़ उमड़ गई। लोग महीने भर की सब्जी लेने के लिए लॉकडाउन का घेरा तोड़ घरों से निकलकर सब्जी मंडी पहुंचे। यहां लोगों ने जो भी सब्जी मिली कई–कई किलो खरीदी। खासकर आलू पांच किलो से लेकर लोग दो बोरे तक खरीद ले गए। खरीदारी की इस मारामारी में कई दुकानों पर टमाटर तक भी फूट गए।

## लॉकडाउन के कारण वीडियो कॉल से किए पिता के अंतिम दर्शन

साहिबाबाद : कोरोना का संक्रमण न फैले और लॉकडाउन का नियम न टूटे, इस वजह से एक व्यक्ति अपने पिता की मौत होने पर बिजनौर नहीं गया, वीडियो कॉल से उनके अंतिम दर्शन किए। मामला साहिबाबाद के श्यामपार्क का है। यहां पर रहने वाले हरीश कुमार शर्मा ने बताया कि वह मूलतरू बिजनौर के मंडावर कस्बे के रहने वाले हैं। हरीश के पिता जगदीश प्रसाद बीते कई दिनों से बीमार थे। बीमारी के कारण बुधवार को उनकी मौत हो गई। बिजनौर में रहने वाले परिवार के अन्य लोगों ने हरीश को फोन कर उनके पिता की मौत की जानकारी दी तो वह विचलित हो गए। हरीश के साथ श्याम पार्क में ही रहने वाले परिवार के अन्य लोगों की भी आंखें नम हो गई। परिवार के लोग बिजनौर जाना चाह रहे थे। हरीश ने बताया कि अगर वह चाहते तो प्रशासनिक अधिकारी उनको यात्रा पास भी मुहैया करवा देते लेकिन कोरोना का संक्रमण फैलने के डर से उन्होंने बिजनौर जाने से इन्कार कर दिया। वीडियो कॉल के जरिये ही उन्होंने पिता के अंतिम दर्शन किए। हरीश ने बताया कि उनका छोटा भाई बिजनौर में है, उसने ही पिता के शव का अंतिम संस्कार करवाया है। लॉकडाउन समाप्त होने के बाद वह बिजनौर जाएंगे। दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ फोन पर बात कर रहे हैं, उनको सांत्वना दे रहे हैं।


## सील किए इलाकों के सर्वे में जुटेंगे एक हजार कर्मी

गाजियाबाद : कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए जिले में बुधवार रात सील किए सभी 13 इलाकों में स्वास्थ्य विभाग की टीम व्यापक स्तर पर सर्वे करेगी। संक्रमित व्यक्ति और उसके घर के आसपास के लोगों के साथ सील किए गए इलाके के हर मकान का एक हजार स्वास्थ्यकर्मियों की टीम सर्वे करेगी ताकि किसी भी व्यक्ति में संक्रमण होने की कोई आशंका न रहे। सीएमओ डॉ. एनके गुप्ता ने बताया कि आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्क्रीनिंग करेंगी। क्षेत्र में कोई बाहर से आया है, संक्रमित व्यक्ति के संपर्क वाला कोई और तो नहीं है, संपर्क में आए लोगों से कौन लोग मिले थे, यह सब स्क्रीनिंग के तहत किया जाएगा।

## लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने में जुटे जीडीए के इंजीनियर

गाजियाबाद : लोग यही जानते थे कि जीडीए के इंजीनियर और कर्मचारी ईंट–रोड़ी से वास्ता रखते हैं। घर बनवाते हैं और अवैध निर्माण होने पर कार्रवाई करते हैं। लॉकडाउन के दौरान उनका दूसरा चेहरा लोगों के सामने आया है। इन दिनों इंजीनियर और कर्मचारी मानवीय सेवा में लगे हुए हैं। कुछ क्वारंटाइन में रखे गए कोरोना संदिग्धों के लिए खाना बनवा रहे हैं। कई लोगों को कोरोना से बचाने के लिए ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों को बिल्डर और आरडब्ल्यूए से अपने सामने सैनिटाइज करा रहे हैं। कुछ हॉटस्पॉट इलाकों में निगरानी कर रहे हैं। कुल मिलाकर इनकी कोशिश है कि किसी तरह कोरोना को फैलने से रोका जा सके। जीडीए सचिव संतोष कुमार राय ने बताया कि प्राधिकरण के इंजीनियर और कर्मचारी इस मुश्किल वक्त में लोगों की सेवा कर रहे हैं। नियमित रूप से क्वाइंटाइन संटरों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा वहां भर्ती कोरोना संदिग्धों के लिए इंजीनियर और कर्मचारी अपनी निगरानी में सामुदायिक रसोई में खाना तैयार करा रहे हैं। जिससे हाइजीन का पूरा ख्याल रखा जा सके। उन्होंने बताया कि पहली बार इस तरह का अनुभव इंजीनियर और कर्मचारियों को हो रहा है। इस कसौटी पर प्राधिकरण का स्टाफ खरा उतर रहा है।

# सील इलाकों में आवश्यक वस्तुओं की डिलीवरी करा रहा है प्रशासन



गाजियाबाद : कोरोना वायरस के चलते जिले में 13 हॉट स्पॉट इलाकों को सील करने के बाद अब प्रशासन यहां रहने वाले लोगों को आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने में जुट गया है। सुरक्षा व लोगों की समस्या की दृष्टि से सभी स्थानों पर मजिस्ट्रेटों व पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है और इन सभी के मोबाइल नंबर लोगों से साझा किए गए हैं। मजिस्ट्रेट व पुलिस राउंड द क्लॉक दो शिफ्टों में 24 घंटे ड्यूटी देंगे। प्रशासन का प्रयास है कि लोगों तक दूध, दुग्ध उत्पाद, खाद्य सामग्री, दवा व अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में कोई समस्या न आए। आवश्यक वस्तुओं की हॉट स्पॉट इलाकों में डिलीवरी करने वालों को छोड़कर बाकी सभी प्रकार से पास निरस्त कर दिए गए हैं। सब्जी, दूध, दवाओं व आवश्यक वस्तुओं के लिए दुकानों का चिह्निकरण कर उनके नंबर प्रभावित क्षेत्रों में चस्पा किए गए हैं। इन नंबरों के माध्यम से लोग आवश्यक सामान मंगा सकेंगे। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने बताया कि दूध की सप्लाई के लिए सभी स्थानों पर डेयरी काउंटर बनाया जा रहा है और प्रत्येक स्थान पर 500 लीटर दूध की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही खाद्य पदार्थ की डिलीवरी के लिए क्षेत्र के हिसाब अलग–अलग योजना बनाई गई है। आसपास के दुकानदारों, मेडिकल स्टोर, डेयरी, सुपर स्टोर के नंबर हॉट स्पॉट में रहने वाले लोगों के नंबरों की लिस्ट प्रभावित इलाकों में चस्पा कराई गई है। इन लोगों के कॉलोनी में आवश्यक सामान की डिलीवरी के लिए पास जारी कर दिए गए हैं। यह लोग जरूरतमंद के घर तक आवश्यक वस्तुओं की डिलीवरी करेंगे। इसके साथ ही पुलिस की 112 पीआरवी भी लोगों को विशेष परिस्थितियों में सामान उपलब्ध कराएगी। हॉट स्पॉट इलाकों को सील करने के बाद पहले दिन लोगों को आवश्यक वस्तुएं मंगाने में कुछ परेशानी आई। कुछ स्थानों पर लोगों ने पुलिस व मजिस्ट्रेटों से शिकायत भी की।

# डीएम ने दिए चिकित्सीय उपकरणों को दुरुसत रखने के निर्देश



गाजियाबाद : जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कोरोना वायरस से की रोकथाम में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों को दुरुसत रखने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने बृहस्पतिवार को कलक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए जरूरी उपकरण पीपीई किट, एन 95 मास्क, सैनिटाइजर, टेस्टिंग किट व इंफ्रारेड थर्मामीटर की उपलब्धता निरंतर बनी रहनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड19– हॉस्पिटल के प्रभारी चिकित्साधिकारी, आइसोलेशन के प्रभारी चिकित्साधिकारी, होम क्वारंटाइन के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी व आईडीएसपी यूनिट के नोडल अधिकारी कंज्यूम बिल व अन्य आइटम के साथ–साथ इंफ्रास्ट्रक्चर जो कि कोविड–19 के दृष्टिगत परिवर्तित करना है, उसकी डिमांड अनुमानित लागत के साथ मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही संबंधित खाता विवरण उपलब्ध करा कराएंगे जिसमें कि उनके खाते में मांग पत्र के अनुरूप धनराशि हस्तांतरित की जा सके। ताकि संबंधित अधिकारीगण नियमानुसार कोविड–19 उपचार के लिए आवश्यक सामग्री अपने स्तर से क्रय कर सकें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दो माह की अवधि को लक्ष्य मानते हुए सामग्री क्रय करने की पत्रावली तैयार की जाए।

# Taking dogs out is difficult: Noida residents

**NOIDA:** The Covid-19 lockdown has posed a problem for many Noida residents who own pets. They claim they are unable to take their dogs for walks, with the police as well as their housing society RWAs being too strict. While some RWAs are not allowing residents to take their dogs out in the park for poop, many have complained that cops too have been objecting to pet owners taking their dogs out. For instance, a doctor from a housing society in Sector 60 has alleged that he was rebuked by cops while he had taken out his pet dog for poop.

# 76 बेड के ईएसआई अस्पताल में शिफ्ट होंगे बिना लक्षण वाले संक्रमित मरीज

गाजियाबाद : राजेंद्र नगर स्थित ईएसआई अस्पताल को कोविड–19 लेवल–1 अस्पताल बनाया जाएगा। 76 बेड के इस अस्पताल में कोरोना संक्रमित उन मरीजों को भर्ती किया जाएगा, जिनमें लक्षण नहीं दिखते या कम दिखते हैं। सीएमओ डॉ. एनके गुप्ता ने बताया कि मुरादनगर स्थित सीएचसी में 21 मरीज भर्ती हैं। वहां चार ही बेड बचे हैं। संयुक्त जिला चिकित्सालय में लेवल–2 के मरीजों को भर्ती किया जाना है। इसीलिए लेवल–1 के एक और अस्पताल की जरूरत थी। सीएमओ ने बताया कि जिले में अभी तक संक्रमित हुए लोगों में से अधिकांश ऐसे हैं, जो दिखने पूरी तरह ठीक लग रहे हैं। उनमें कोरोना का कोई लक्षण हावी नहीं है। इसीलिए ऐसे मरीजों को ईएसआई अस्पताल में शिफ्ट कर दिया जाएगा। लक्षण वाले संक्रमितों का मुरादनगर में इलाज किया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि काम शुरू हो गया है। 2–3 दिन में यह अस्पताल तैयार हो जाएगा। विरोध के चलते स्वास्थ्य विभाग ने बीबीडीआइटी से कोरोना संदिग्धों को एमएमजी अस्पताल में शिफ्ट कर दिया है। सीएमओ ने बताया कि संस्थान के दूर क्षेत्र में होने और बिल्डिंग के पुराने होने के कारण यहां क्वारंटाइन किए गए लोग विरोध कर रहे थे। हालांकि यहां पर अलग–अलग कमरे की व्यवस्था है। बृहस्पतिवार को 17 लोगों को रखा गया था, जिन्हें एमएमजी के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कर दिया गया है। बीबीडीआइटी में स्वास्थ्य विभाग आइसोलेशन वार्ड बनाने की तैयारी कर रहा था। मगर अब आइएमएस और आइडियल कालेज में यह वार्ड बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। वहीं कोरोना संदिग्धों की सैंपलिंग का काम अब एमएमजी अस्पताल में नहीं होगा। सीएमओ ने बताया कि पुराना बस अड्डा स्थित संतोष मेडिकल कॉलेज और आरकेजीआइटी के क्वारंटाइन सेंटर में सैंपल की व्यवस्था की जाएगी। जहां से भी संदिग्धों को पकड़ा जाएगा। डॉक्टर की जांच के आधार पर पहले उनका नजदीकी सेंटर पर सैंपल लिया जाएगा और फिर उन्हें क्वॉरंटाइन में भेजा जाएगा।

## सरकारी अस्पतालों में बनाई जा रही है सैनिटाइजर टनल

गाजियाबाद : डासना स्थित जिला कारागार के बाद एमएमजी और संयुक्त अस्पताल में भी सैनिटाइजर टनल बनाई जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से दोनों जगह काम शुरू कर दिया गया है। सीएमओ डॉ. एनके गुप्ता ने बताया कि एमएमजी अस्पताल परिसर की आइडीएसपी (इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम) लैब के बाहर सैनिटाइजर टनल बनाई जा रही है। इसी तरह संयुक्त अस्पताल में भी टनल का काम शुरू हो चुका है। सीएमओ का कहना है कि दोनों जगह आने–जाने वाले लोगों को इस टनल से गुजरना होगा।

## हेल्प लाईन नंबर

**गाजियाबाद प्रशासन**

डीएम – 2824416
आवास – 2820106
एडीएम (सिटी) – 2828411
एडीएम (प्रशासन) – 2827016
सिटी मजिस्ट्रेट – 2827365
आयकर विभाग– 2714144
पासपोर्ट कार्यालय– 2721779

**पुलिस अधिकारी**

एसएसपी –2820758,9643322900
पुलिस अधीक्षक नगर–2854015
पुलिसअधी. यातायात–2829520
सीओ प्रथम– 2733070
सीओ द्वितीय – 2791769
सीओ एलआईयू– 2700925
सीओ लोनी– 3125539

**जीडीए**

उपाध्यक्ष जीडीए – 2791114
जीडीए सचिव – 2790891

**अस्पताल**

सी.एम.ओ. – 2710754
सी.एम.एस. – 2730038
आपातकालीन – 2850124
कोलम्बिया एशिया –3989896
यशोदा अस्पताल–2750001–04
गणेश अस्पताल –4183900
संतोष अस्पताल –2741777
सर्वोदय अस्पताल –2701694
नरेन्द्र मोहन अस्पताल 2735253
जिला अस्पताल(एम्बुलेंस) 2730038
यशोदा अस्पताल (एम्बुलेंस) 2701695
पुष्पांजली क्रांसले हॉस्पिटल 4188000
पुष्पांजली मेडिकल सेन्टर 43075600

**बीएसएनएल**

जीएम 2755777

**अग्निशमन विभाग**

नगर कन्ट्रोल रूम – 2734906
कोतवाली – 2732099
जिला कन्ट्रोल रूम –2766898

**पुलिस स्टेशन**

एसएचओ इंदिरापुरम– –9643322921
एसएचओ खोड़ा– –9643322922
एसएचओ–साहिबाबाद– – 9643322923
एसएचओ लिंक रोड– –9643322924
कोतवाली – 2732088
सिहानी गेट – 2791627
कविनगर – 2711843
विजयनगर – 2740797
इंदिरापुरम – 2902858
लोनी – 2600097
अग्निशमन विभाग –2732099 9818702101
रेलवे इन्कवायरी –131

**नगर निगम**

नगरायुक्त– 2790425,2713580

**विद्युत विभाग**

मुख्य अभियंता – 2821025

**पूछताछ**

रेलवे कस्टमर –2797840, 139
रिजर्वेशन – 8888
रोडवेज इन्कवायरी –2791102

प्रेस विज्ञप्ति, समाचार, विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
**Phone No.: 0120-4561000**

# All hospitals in Ghaziabad told to keep Covid-19 wards ready

**GHAZIABAD:** All hospitals in the city were on Wednesday directed by the district administration to keep isolation wards ready, as the number of suspected cases of the novel coronavirus (Covid-19) has risen. Till now, eight people have tested in Ghaziabad. While 1,245 people are in home quarantine, 118 others are in isolation wards at various hospitals. "Hospital representatives have been asked to submit a report about preparedness. They have been told to appoint a nodal officer for coordination," DM Aja Shankar Pandey said. The meeting with the DM was attended by representatives of the Indian Medical Association and major hospitals. Chief development officer Asmita Lal, who is supervising the healthcare facilities in the district, said, "Hospitals will be designated either for Covid treatment or as isolation wards, based on their infrastructure. Those with better intensive care units and ventilator facilities will treat serious positive patients." Hotel operators, too, have been asked to reserve 25-30 rooms for at least one month.

## 24 more Covid labs soon

**LUCKNOW:** Following fresh guidelines by the Indian Council of Medical Research (ICMR) to speed up testing of coronavirus cases across the country, the state government has decided to set up 24 labs as per standards prescribed under the Laboratory Bio Safety Level-2. (BSL2).The issue was taken up at a high-level meeting chaired by chief minister Yogi Adityanath who issued instructions to the medical education department to make adequate arrangements for setting up of the BSL-2 labs besides upgrading functional labs at SGPGI and KGMU, Lucknow.

## 300 teams to survey residents, talk prevention in 12 Covid-19 clusters from Tuesday

**NOIDA:** Even as no new Covid-19 positive cases were reported in GB Nagar in the past 48 hours, the district magistrate Suhas LY has set up 300 surveillance/containment teams with a total manpower of 900 (3 members per team) as a part of its Coronavirus Awareness Campaign (CAC). The teams consisting of officials from health, revenue, police and development departments, will carry out extensive awareness, containment and surveillance drives from April 7 across 12 designated clusters of the district. A cluster comprises of an area where more than one Covid-19 positive case have occurred or been reported. Under the drive, each team will scan a 3km-radius area around each cluster, going door-to-door to spread awareness on Covid-19 and collect information on their travel history as well as secondary contacts. "We are giving most attention to the areas from which cases have been reported, and surrounding areas. From Tuesday (April 7), all these teams will begin field work," Suhas LY, district magistrate GB Nagar told TBC, adding that on receiving any kind of information from anywhere, the team of that area will be mobilised immediately.

## Two arrested for sharing 'morphed' pictures of Narendra Modi

**NOIDA:** A father-son duo has been arrested for allegedly sharing objectionable pictures of Prime Minister Narendra Modi and the BJP flag on various WhatsApp groups on Sunday. Police said Abdul Salaam and his son Rehmat, residents of Shramik Kunj in Sector 93, were arrested after a taxi driver Manoj, also a resident of the same society, informed the Phase II police station about the pictures. "The accused had posted photoshopped pictures of the PM and the BJP flag on different WhatsApp groups. When a taxi driver saw it and objected, they allegedly threatened to kill him.

# Noida sets up app alert for quarantine breach

**NOIDA:** Tightening the lockdown in Noida, which has the most Covid-19 cases in UP, the state government has restricted the number of people who can travel in a vehicle and turned to app-based surveillance and monitoring of people in quarantine in which alerts will go out to the local administration if a person directed to be in isolation moves out of the house. Starting Friday, only one person will be allowed on a two-wheeler and only two in a four-wheeler — one in the driver's seat and the other in the backseat, a statement issued by the director (media) for police commissioner Alok Kumar Singh said. In case of a violation, the vehicle will be seized and an FIR lodged. "If a woman is travelling with her husband, or if an elderly person is riding pillion, they will not be penalised. Those travelling in a four-wheeler for an emergency will also be exempted," additional CP (law and order) Akhilesh Singh said. The police statement had not listed the exemptions. While vehicles carrying essential items or with passes are allowed on roads, only two people are allowed inside. "Heavy loaded vehicles can continue plying but they should only have a driver and a cleaner. Anyone else found inside the vehicle will be made to get off and sent to the nearest shelter home," the statement said. A vehicle seized for violating these rules will not released as long as Section 144 is in effect in the district. In addition to social distancing, imperative to efforts to contain the spread of the novel coronavirus is contact tracing. To speed this up, the administration has turned to digital solutions, launching two apps for internal use — one for surveillance and another for contact tracing. Data from all three will be channelled to an integrated platform. One app will be installed on the phones of those asked to quarantine themselves at home.

## 80 motorists penalised, 7 vehicles seized for lockdown violation

**NOIDA :** Eighty motorists were fined and seven vehicles impounded on Monday across Noida and Greater Noida for defying curbs imposed due to coronavirus outbreak, police said. The Gautam Buddh Nagar Police had on Sunday announced extending the restrictions imposed in the district under CrPC section 144, in view of the nationwide lockdown which will continue till April 14. "Five FIRs were registered on Monday for lockdown violations. 459 vehicles were checked across 132 barrier points in the district and challans issued to 80 of them.

# 62-year-old in Noida recovers. Her advice: Stay upbeat

**NOIDA:** It began with a cough that wouldn't go away, breathlessness and fever. She thought she should get tested for Covid-19 — more cases were being reported every day. By the end of the day, she and her son, who had travelled to Denmark earlier, were isolated. Soon, the rest of the family was as well, becoming the city's second biggest cluster with seven cases. Now, the 62-year-old is back home, the first senior citizen in Noida to have recovered, and she has one advice to share — stay positive. Medical experts have flagged age as a risk factor for the novel coronavirus — those over 60 have a higher risk of infection and mortality. And she has diabetes and asthma, comorbid factors that add to the risk factors. At one point during treatment, her condition had worsened and she was on oxygen and nebuliser for four days. But she bounced back and is happy to be back home. "I feel healthy. Being in the isolation ward was like being in jail. I can finally breathe," she said. Two things, she said, made it possible for her to see herself through her time in hospital — a supportive medical staff and staying positive. "First, you hear about the disease and get scared.

## 347 arrested in Noida for violating lockdown norms

**NOIDA**: As many as 347 people have been arrested in Gautam Budh Nagar till Sunday for various Covid-19 lockdown violations, police said. In total, 529 FIRs have been lodged against some 1,794 people and 402 vehicles seized for different violations, including that of the Essential Commodities Act. Barriers have been put in place at as many as 132 places in the district and cops claimed to have checked as many as 36411 vehicles so far. Out of these vehicles, 402 have been seized and a challan amount of Rs 88, 700 has been recovered from the owners, police said.

# Bhutan will evacuate 41 students from Greater Noida

**GREATER NOIDA:** Bhutan has decided to evacuate 900 of its nationals in India, including the 41 students who are stuck in the hostels of two colleges in Greater Noida due to the Covid-19 lockdown. A special flight has been arranged to take these students back home on April 9. The decision has been conveyed by the Royal Embassy of Bhutan to Sharda University, where 39 of the 41 students are enrolled. The Embassy has also urged the university to make arrangements for these students to reach Delhi's IGI Airport. "Due to the Covid-19 situation, the royal government of Bhutan is planning to evacuate its citizens from India on a special flight, the embassy requests the university to kindly assist and facilitate the students with transportation from their current location to the IGI airport," the embassy wrote to the chancellor. PK Gupta, chancellor of the university, said, "The special flight has been scheduled for March 9 around 1.50 pm, for which we have arranged two buses in which 41 students, including 39 enrolled in our University and two from other colleges, will be taken to IGI airport. We have also written to the district administration and police, seeking permission and security for the students."

# देश में कुल संक्रमितों की संख्या 7447 हुई, अब तक 239 की मौत

न्यूज डेस्क : देश में लॉकडाउन के बीच कोरोना वायरस का कहर बढ़ता ही जा रहा है। पिछले 24 घंटे में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा सामने आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आकंड़ों के मुताबिक 24 घंटे में कोरना पॉजिटिव के 1035 नए मामले सामने आए और 40 लोगों की मौत हुई है। इसी के साथ देशभर में कोरोना संक्रमित मरीजों की कुल संख्या 7447 हो गई है। जिसमें 6565 सक्रिय हैं, 643 स्वस्थ हो चुके हैं या उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और 239 लोगों की मौत हो गई है। आज महाराष्ट्र में 92, गुजरात में 54, राजस्थान में 18, कर्नाटक में सात, उत्तर प्रदेश में छह और झारखंड में तीन नए मामले आए हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया है। इस प्रस्ताव में भारत के मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे और अन्य सिटिंग जजों से अनुरोध किया गया है कि इस बार गर्मी की छुट्टियां रद्द कर दी जाए। ताकि कोरोना लॉकडाउन की वजह से कोर्ट के प्रतिबंधित कामकाज की भारपाई हो सके। वहीं मुंबई के धारावी में आज एक 80 साल के बुजुर्ग की कोरोना से मौत हो गई। कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद बुजुर्ग का इलाजा कस्तूरबा अस्पताल में चल रहा था। इसी के साथ धारावी में कोरोना से मरने वालों की संख्या चार हो गई है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने इसकी पुष्टि की है। इसी के साथ धारावी में बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग शुरू कर दी गई है। 150 डॉक्टरों की टीम धारावी पहुंची है।

## हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन के पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध : पंकज पटेल

दवा कंपनी जायडस केडिला के सीईओ पंकज पटेल ने बताया कि फार्मास्युटिकल उद्योग ने हाइड्रोक्सी क्लोरोक्वीन के उत्पादन में काफी वृद्धि की है। इस महीने उद्योग द्वारा हाइड्रोक्सी क्लोरोक्वीन की 20 करोड़ टैबलेट का उत्पादन किया गया है। उन्होंने बताया कि हमारे पास हाइड्रोक्सी क्लोरोक्वीन के पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, न केवल घरेलू बाजार के लिए, बल्कि जरूरत पड़ने पर हम दुनिया को आपूर्ति करने में सक्षम होंगे। मेरी कंपनी अगले महीने 15 करोड़ टैबलेट के बराबर 30 टन सक्रिय फार्मास्यूटिकल संघटक (एपीआई) का उत्पादन करेगी।

## कोरोना संक्रमित ने गला काटकर की आत्महत्या

कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए असम के 30 वर्षीय प्रवासी कामगार ने शनिवार तड़के अपना गला कथित तौर पर काट लिया जिसके बाद उसकी मौत हो गई। वह शुक्रवार को कोरोना से संक्रमित पाया गया था और उसका महाराष्ट्र के अकोला शहर के एक सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा था।

## हॉटस्पॉट क्षेत्रों को दोबारा किया गया सैनिटाइज

गाजियाबाद : नगर निगम शहर के सभी हॉटस्पॉट क्षेत्रों को दोबारा से सैनिटाइज कराया जा रहा है। बृहस्पतिवार को भी नंदग्राम समेत अन्य क्षेत्रों को सैनिटाइज किया गया। जिन घरों में कोरोना के मरीज मिले हैं, उन घरों के भीतर सैनिटाइज कराया जाएगा। सैनिटाइज कराने के लिए निगम ने दमकल विभाग से दो भी टैंकर लिए हैं। नगर स्वास्थ्य अधिकारी मिथिलेश कुमार ने बताया कि शहर के कई स्थानों को हॉटस्पॉट हैं। हॉटस्पॉट को सैनिटाइज करने के लिए पांच जॉन में बांटा गया है। सभी क्षेत्रों को सैनिटाइज किया जाएगा। सैनिटाइज करने के लिए गाडियों को तैयार कर दिया गया है। सैनिटाइज करने के लिए सात स्प्रे मशीन व दस ऑटो को लगाया गया है।




Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargav at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. Editor: Dheeraj Kumar, Resident Editor : Manisha Bhargava** Email: editor@tbam.co.in **(RNI. No) : UPBIL / 2009 / 28691 Postal Registration No. UP/GBD-80/2016- 18.** Advertisement : Ph. No. : 0120-2850800, 2850297, Fax : 0120-4561000 at 67, 1st Floor, Richpal Puri, Hapur Road, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Reproduction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.